# छत्तीसगढ़ संवाद

(जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था)

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771–2512580

क्र. 1773 / छ.ग. संवाद / भंडार / 2019–20

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 3.11.20

## विभिन्न कार्यो के दर निर्धारण, इम्पैनलमेंट हेतु निविदा आमंत्रण सूचना .

छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के दर निर्धारण इम्पैनलमेंट एवं निविदा हेतु सक्षम फर्मों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र शुल्क अमानतराशि, निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खोलने की तिथि निम्नानुसार हैः–

| क्र. | निविदा | निविदा प्रपत्र शुल्क (वापसी योग्य नहीं) | अमानत राशि (बिना ब्याज के वापसी योग्य) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि (दोपहर 2.00 बजे तक) | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि (दोपहर 3.00 बजे तक) | निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि (दोपहर 4.00 बजे तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर, प्रिंटर, मल्टीफंक्शन प्रिंटर, स्केनर लैपटॉप की वार्षिक रख रखाव | 500 / – | 10,000 / – | 03.12.2020 | 03.12.2020 | 03.12.2020 |
| 2. | कलर / श्वेत श्याम फोटोकापीयर मशीन की वार्षिक रख रखाव | 500 / – | 10,000 / – | 03.12.2020 | 03.12.2020 | 03.12.2020 |
| 3. | यू.पी.एस. की वार्षिक रख रखाव | 500 / – | 10,000 / – | 03.12.2020 | 03.12.2020 | 03.12.2020 |
| 4. | स्टेशनरी एवं कम्प्यूटर सामग्री क्रय करने हेतु | 500 / – | 10,000 / – | 03.12.2020 | 03.12.2020 | 03.12.202 |

निविदा संबंधी अधिक जानकारी के लिए नियम शर्त एवं निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट cg.nic.in/samvad से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि तकनीकी बिड के साथ जमा करना होगा। निविदा के नियम शर्तों में या अन्य किसी प्रकार संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जाएगी। मात्र उक्त वेबसाइट में संशोधन की जानकारी दी जाएगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

AMC Nivid 50

**कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, लेपटॉप, मल्टीफंक्शन की वार्षिक संधारण अनुबंध (AMC) हेतु निविदा नियम शर्तें**

1. निविदाकर्ता का नाम ..........................................................................
2. संस्था का नाम ..........................................................................
3. पता ..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................
4. टेलीफोन नं. (कार्यालय) ............................ निवास ...................... मोबाइल ..........................
5. वार्षिक संधारण अनुबंध (AMC) दो वर्ष के लिये होगी। कार्य संतोषजनक होने पर ए एम सी की अवधि में वृद्धि करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षीत रहेगा।
6. दूरभाष पर सूचना दिये जाने के बाद कम्प्यूटर, प्रिंटर, लेपटॉप सह–उपकरणों की मरम्मत उसी दिन करनी होगी।
7. कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, लेपटॉप, मल्टीफंक्शन प्रिंटर संस्थाओं द्वारा अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय तथा निजी संस्थाओं में 3 साल का कार्यानुभव का प्रमाण –पत्र।
8. अनुबंधित राशि का भुगतान प्रत्येक माह के छह माह के पश्चात कुल राशि का 50–50 प्रतिशत के मान से किया जायेगा।
9. उपकरणों में यदि निविदाकर्ता की लापरवाही से किसी प्रकार की क्षति होती है तो उक्त राशि निविदाकर्ता से वसूल की जायेगी।
10. कार्यालयों में कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, लेपटॉप एवं मल्टीफंक्शन प्रिंटर की मरम्मत के लिये संस्था द्वारा भेजे गये इंजीनियर को आने–जाने का खर्च निविदाकर्ता को वहन करना होगा।
11. कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, लेपटॉप की संख्या जो AMC में 100 कम्प्यूटर, 57 प्रिंटर, 8 स्केनर, 21 लेपटॉप, 4 नग सेमसंग मल्टीफंक्शन प्रिंटर, केनन का 1 नग मल्टीफंक्शन प्रिंटर छत्तीसगढ़ संवाद नवा रायपुर में स्थापित है।
12. प्रत्येक दिन कार्यालयीन समय में स्वयं के वाहन से आपके द्वारा नियुक्त इंजीनियर छत्तीसगढ़ संवाद कार्यालय में आएगें। प्रतिदिन इंजीनियर के आने व जाने का समय रजिस्टर में नोट किया जायेगा। इंजीनियर के आने व जाने के खर्च का वहन निविदाकर्ता द्वारा स्वंय ही किया जायेगा।
13. निविदा फार्म की लागत (वापसी योग्य नहीं) रू. 500/– एवं अमानत राशि (बिना ब्याज के वापसी योग्य) रू. 10,000/– की "मुख्यकार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद" रायपुर में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट टेक्निकल बिड के साथ जमा करना होगा। यदि निविदा फार्म नगदी में प्राप्त किया गया है तो राशि रू. 500/– की पावती संलग्न किया जाना है।
14. निविदाकर्ता का संस्थान विगत 05 वर्षो से संचालित होना चाहिये। इस हेतु संस्था का स्थापना प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।
15. निविदाकर्ता द्वारा फर्म का GST/PAN/BANK STATEMENT सभी की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
16. निविदाकर्ता के पास किन्हीं 03 शासकीय, अर्धशासकीय या शासन के अधीन कार्यरत कार्यालयों जहां कम से कम 50 कंम्प्यूटर/लैपटॉप के रखरखाव एवं नेटवर्क मैनेजमेंट के कार्य का 05 वर्षों का अनुभव होना चाहिये। इस हेतु पिछले 03 वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।
17. निविदाकर्ता को अपने 3 साल का आयकर रिटर्न की अभिप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।

18. निविदाकर्ता किसी भी शासकीय–अर्धशासकीय कार्यालयों में ब्लैक लिस्टेड नहीं है इसका घोषणा/शपथ पत्र 50 रू. के स्टाम्प पेपर में अनिवार्य रूप से जमा करना अनिवार्य है।

19. निविदाकर्ता को अपने 03 कुशल एवं अनुभवी कर्मचारी/टेक्नीशियन/इंजीनियर के नाम एंव उनके तकनीकी शिक्षा ;कंम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग से संबधितद्ध के प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।

20. कार्यालयीन समयावधि में किसी भी समय सूचित किए जाने पर आपके द्वारा तत्काल कुशल सेवा प्रदान किया जायेगा शाखा वाइस ताकि मशीनों की कार्यक्षमता लंबे समय के लिए बनी रहे। साथ ही आपके द्वारा किये गये कार्य को कम्प्यूटर शाखा में उपलब्ध वार्षिक सधारण संबंधी पंजी में दर्ज कराकर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी से प्रमाण स्वरुप हस्ताक्षर कराना होगा।

21. कम्प्यूटर को मरम्मत हेतु दुकान ले जाने की आवश्यकता होने की स्थिति में लाने–ले जाने की समस्त व्यय निविदाकर्ता द्वारा वहन किया जायेगा।

22. प्रस्तावित दरें शासन द्वारा लागू सभी कर सहित होंगी अन्य किसी भी प्रकार के टैक्स का भुगतान अलग से नहीं किया जाएगा।

23. कम्प्यूटर में किसी भी पार्ट्स की खराबी पर यथा संभव उसकी मरम्मत निःशुल्क करनी होगी। मरम्मत योग्य ना होने पर बदलने की स्थिति में पार्ट्स के वास्तविक मूल्य की राशि का भुगतान छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा किया जायेगा।

24. निविदाकर्ता को सप्ताह में एक बार छत्तीसगढ़ संवाद में स्थापित समस्त कम्प्यूटर का निरीक्षण करना होगा। तथा तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा।

25. निविदाकर्ता द्वारा कम्प्यूटर की दुरुस्ती, रख–रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने या कम्प्यूटर कार्यशील नहीं होने के कारण तथा इंजीनियर/टेक्नीशियन के प्रतिदिन उपस्थित न होने के शिकायत पर अनुबंध किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।

26. निविदाकर्ता फर्म तथा निविदाकार के साथ किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर को होगा।

27. संस्था को कर निर्धारण वर्ष 2019–20 के आयकर रिटर्न की स्व–प्रमाणित प्रति जमा करना होगा।

28. संस्था को टेक्निकल बिड के साथ संस्था के पास उपलब्ध वितरण सूची की प्रति जमा करना होगा।

29. निविदा दो पृथक–पृथक लिफाफों में प्रस्तुत करना होगा। एक लिफाफा टेक्निकल बिड का होगा जिसमें निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 500/– की पावती या मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम से रायपुर में देय डिमाण्ड–ड्राफ्ट, अमानत राशि रू. 10,000/– की डिमाण्ड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना है एवं लिफाफे के उपर निविदाकर्ता का नाम एवं टेक्निकल बिड उल्लेख करना होगा। दूसरा लिफाफा के उपर फाईनेन्शियल बिड लिखना होगा एवं इस लिफाफा में निर्धारित प्रारूप में मात्र दर प्रस्तुत करना है। टेक्निकल बिड लिफाफा में दर प्रस्तुत करने पर निविदा अमान्य किया जायेगा।

30. निविदा अनुमोदन की तिथि से आगामी दो वर्ष के लिए इम्पैनलमेंट एवं दर लागू रहेगी। कार्य संतोषजनक होने पर इम्पैनलमेंट अवधि में वृद्धि का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय के पास सुरक्षित रहेगा।

31. यह प्रस्ताव मात्र दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु आमंत्रित है। अनुमोदित न्यूनतम दर पर इम्पैनल्ड फर्मो को कार्य आबंटन का अधिकार अति. मुख्य कार्यापालन अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा।

32. इम्पैनल्ड फर्मों को किसी भी समय इम्पैनलमेंट से बाहर/नाम खारिज करने का अधिकार अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा।

33. इम्पैनल्ड फर्मों को छत्तीसगढ़ संवाद के साथ अनुबंध निष्पादित करना होगा। अनुबंध में निविदा की शर्तों के अलावा आवश्यकतानुसार अन्य शर्तें शामिल करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ के पास सुरक्षित रहेगा।

34. निविदा प्रपत्र जमा करने की नियत तिथि एवं समय–सीमा के बाद प्राप्त निविदा को अमान्य किया जाएगा।

35. निविदा के किसी भी शर्तों नियम कंडिका को शिथिल करने अथवा संपूर्ण निविदा को किसी भी समय निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा।

36. निविदा जमा करने का आशय यह होगा कि निविदाकर्ता को उपरोक्त सभी शर्तें मान्य है।

37. किसी प्रकार के विवाद होने पर अंतिम निपटारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा किया जाएगा। उनका निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्षों को मान्य होगा।

38. किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने एवं 30 दिवस के अंदर समाधान नहीं होने की स्थिति में निर्णय हेतु मामला एकल आर्बिट्रेटर प्रमुख सचिव/सचिव, जनसंपर्क विभाग को अग्रेषित किया जाएगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्ष को मान्य होगा।

49. निविदा से संबंधित किसी भी विवाद के लिए न्यायालयीन क्षेत्र रायपुर होगा।

40. देयक का नियमानुसार टी.डी.एस. कटौती कर भुगतान किया जाएगा।

41. उपरोक्त निविदा शर्तों में से किसी भी प्रकार के प्रपत्रों में कमी पाए होने पर निविदा अमान्य की जाएगी।

42. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात निविदाकर्ता का कार्य संतोष जनक नहीं होने पर निविदा निरस्त कर तथा अमानत राशि जप्त कर शेष अवधि के लिये दूसरे न्यूनतम **(L-2)** की निविदा स्वीकृत की जा सकेगी।

43. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा।

**शपथ–पत्र**

**उपरोक्त वर्णित शर्तें मुझे स्वीकार है।**

दिनांक ...................... हस्ताक्षर निविदाकर्ता

स्थान ..................... निविदाकर्ता व्यक्ति एवं फर्म का नाम

पूर्ण पता ....................................................

# छत्तीसगढ़ संवाद
## (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था)
## नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग.)

**कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, लेपटॉप का वार्षिक संधारण अनुबंध (AMC) हेतु वित्तीय प्रस्ताव**

1. संस्था का नाम ..........................................................................................

   (पंजीयन प्रमाण पत्र प्रति संलग्न)

2. पता ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

3 जीएसटी नम्बर ..........................................................................................

4. प्रतिनिधि का नाम ..........................................................................................

5. टेलीफोन नं. (कार्यालय) ............................ निवास ..........................................................................................

   मोबाइल ..................................................................

6. कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, लेपटॉप का वार्षिक संधारण अनुबंध (AMC)हेतु प्रस्तावित एक मुश्त राशि टैक्स सहित

   (1) **AMC** राशि बिना पार्ट्स का अंकों में .................................... शब्दों में ...............................................

   (2) **AMC** राशि पार्ट्स सहित का अंकों में ............................ शब्दों में ....................................................

दिनांक ......................

स्थान ....................

हस्ताक्षर निविदाकर्ता

निविदाकर्ता व्यक्ति एवं फर्म का नाम

..................................................................................

पूर्ण पता ..................................................